Need to construct a new railway line on Dabla-Khetri-Singhana-Chirawa route in Rajasthan.-laid

श्री बृजेन्द्र सिंह ओला **(झुन्झुनू) :** सीकर जिले के डाबला में रेलवे डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (DFC) का एक केंद्र है । इस डेडीकेटेड फ्रेट कोरिडोर से झुंझुनूं जिले के खेतड़ी, सिंघाना, चिड़ावा जैसे औद्योगिक और व्यापारिक महत्व के क्षेत्र सीधे नहीं जुड़े हुए हैं । पूर्व में डाबला से खेतड़ी, सिंघाना तक हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की मीटर गेज रेलवे लाइन थी, जो अब बंद हो चुकी है । यह जमीन रेलवे की है । इसलिए जमीन भी कम अधिग्रहण होगी और इस ट्रैक के लिए दूरी (लंबाई) लगभग 70 किलोमीटर की रहेगी । खेतड़ी में हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड देश के नौ मिनी नवरत्न उद्योगों में से एक है । यदि डाबला से खेतड़ी,सिंघाना, चिड़ावा तक नई रेलवे लाइन बिछाई जाती है,तो इससे न केवल माल ढुलाई को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि सभी क्षेत्रों के लोगों को DFC के लिए सीधा रेल संपर्क मिलेगा । उनको बेहतर परिवहन सुविधा भी उपलब्ध होगी । हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड और अन्य उद्योगों को सस्ता और सुगम परिवहन मिलेगा । साथ ही रेलवे के माल ढुलाई कारोबार में वृद्धि होगी, जिससे सरकार को आर्थिक लाभ मिलेगा । मेरा सरकार से आग्रह है कि डाबला से खेतड़ी, सिंघाना होते हुए चिड़ावा तक नई रेलवे लाइन के निर्माण हेतु अति शीघ्र सर्वे का कार्य करवाकर रेलवे ट्रैक बिछाने की कृपा करें ।